# पृष्ठभूमि 2

तुरंत जारी करने हेतु — वित्त मंत्रालय
2021FIN0023-000744
20 अप्रैल, 2021

**बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य-संभाल**

पिछले साल ने मज़बूत स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को उजागर किया है।

बजट 2021 के द्वारा ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का बचाव करना जारी रखा जा रहा है और स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सहायता साधनों को मज़बूत बनाने के लिए, माली योजना के दौरान $4 बिलियन के नये निवेशों से वह सेवाएं जिन पर लोग निर्भर करते हैं, का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इस में 2021-22 में एक ही बार दी जाने वाली $900 मिलियन की माली मदद शामिल है ताकि कोविड-19 से संबंधित सेवाओं को प्रदान करना जारी रखा जा सके।

**लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कोविड-19 स्वास्थ्य सहायता साधन**

जब कि हर रोज़ अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है, सरकार लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कड़ा परिश्रम करना जारी रख रही है। बजट 2021 में 2021-22 में $900 मिलियन निर्धारित किये गए हैं, ताकि प्रांतीय  सरकार की कोविड-19 महामारी के प्रति चल रही कार्यवाही में सहायता मिल सके। इस में इन के लिए माली मदद शामिल है:

- प्रांतीय टीकाकरण प्रोग्राम ताकि हर एक ब्रिटिश कोलंबिया निवासी को अपनी कोविड-19 की वैक्सीन हासिल हो सके।
- टेस्ट करना और संपर्क-खोज करना, फ्लू के टीकाकरण का दायरा बढ़ाना, बी सी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल और रूरल एंड रिमोट कोलैबोरेटिव फ्रेमवर्क का सामर्थ्य बढ़ाना ताकि ग्रामीण, दूरवर्ती और मूलवासी भाईचारों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में सुधार हो सके।
- लॉन्ग-टर्म केयर और असिस्टिड लिविंग स्थानों की, जिस में स्क्रीनिंग स्टाफ शामिल है, सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सहायता और बुज़ुर्गों को सुरक्षित रखने में मदद देने के लिए और अधिक निजी सुरक्षा उपकरण प्रदान करना।

**एक स्वस्थ कल के लिए बेहतर स्वास्थ्य-संभाल**

बजट 2021 से बी सी की स्वास्थ्य-संभाल मज़बूत होती रहेगी ताकि लोग भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। बजट 2021 में स्वास्थ्य-संभाल को माली मदद देने के लिए तीन वर्षों के दौरान किया जाने वाला $2.6 बिलियन का निवेश शामिल है, जिस में शामिल है:

- $585 मिलियन, माली योजना के दौरान हेल्थ कैरियर एक्सेस प्रोग्राम के द्वारा 3,000 तक लोगों को प्रशिक्षण देने और भरती करने के लिए जो स्वास्थ्य-संभाल सहायता कामगार और सहायक बनेंगे, जिस में लॉन्ग-टर्म केयर स्थानों का सामर्थ्य बढ़ाना, और उन लोगों तक पहुँच करना शामिल है जिन्होंने महामारी के परिणामस्वरूप दूसरे क्षेत्रों में अपनी नौकरियाँ गँवा दी हैं।
- $495 मिलियन, माली योजना के दौरान डायगनॉस्टिक इमेजिंग और आप्रेशन करने का सामर्थ्य बढ़ाना जारी रखने के लिए ताकि लोगों के लिए आवश्यक आप्रेशन करने में तेज़ी लाई जा सके।
- $300 मिलियन, तीन वर्षों के दौरान कैंसर की देखभाल, फार्माकेयर और मेडिकल सर्विस योजना के अंतर्गत सेवाओं के लिए बढ़ रही माँग के समाधान के लिए।
- $253 मिलियन, माली योजना के दौरान टीम-आधारित और तत्काल प्राथमिक देखभाल केंद्रों का विस्तार करना जारी रखने के लिए जो ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को और अधिक तेज़ी से डाक्टरों और नर्स प्रेक्टिशनरों तक पहुँच प्रदान करते हैं।
- $45 मिलियन की तीन वर्षों के दौरान नई माली मदद, स्वास्थ्य-संभाल व्यवस्था में प्रशिक्षण और शिक्षा द्वारा और एक ऐसी स्वास्थ्य-संभाल श्रमिक संख्या, जो बी सी के विभिन्न भाईचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हो, की भरती को प्रथमता दे कर व्यवस्थागत मूलवासी नस्लवाद का समाधान करने में मदद करने के लिए।

बी सी के बहुत सारे बुज़ुर्गों के लिए, पिछला वर्ष विशेष तौर पर एकल और मुश्किल रहा है। बुज़ुर्गों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए सहायता साधनों की एक मज़बूत बुनियाद के महत्व पर इस महामारी ने रौशनी डाली है। बजट 2021 में बुज़ुर्गों के लिए योजनाबद्ध निवेश करना शामिल है, जिस में तीन वर्षों के दौरान केयरएड कामगारों और भाईचारों में और अधिक भाईचारक देखभाल प्रदानकर्ताओं की संख्या बढ़ा कर बुज़ुर्गों की रोज़मर्रा के रहन-सहन में सहायता करने के लिए घरों में गुणवत्तापूर्ण देखभाल मुहैया करवाने के लिए $68 मिलियन शामिल हैं। बजट 2021 के द्वारा $12 मिलियन का भी निवेश किया जा रहा है ताकि मध्यम से बेहद पेचीदा ज़रूरतों वाले लोग होम हेल्थ मॉनिटरिंग इनिशिएटिव के द्वारा घरों में देखभाल हासिल कर के प्रतिष्ठा के साथ अपने स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए सामर्थ्य प्राप्त कर सकें।

**बी सी के इतिहास में सब से बड़ा मानसिक स्वास्थ्य निवेश**

सरकार ने बी सी के मानसिक स्वास्थ्य और मादक पदार्थों के प्रयोग की व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए, ए पाथवेअ टू होप के द्वारा, एक दीर्घ-कालीन योजना आरंभ की। कोविड-19 और अवैध मादक पदार्थों के ज़हरीले प्रभाव की दोहरी आपात स्थितियों ने बहुत व्यापक स्तर पर जानें ली हैं। बजट 2021 के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और मादक पदार्थों के प्रयोग से संबंधित सेवाओं का दायरा बढ़ाना जारी रखने के लिए $500 मिलियन का निवेश किया जा रहा है, ताकि लोगों को सांस्कृतिक तौर पर सुरक्षित और प्रभावी एक ऐसी देखभाल के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके जिस की उन को ज़रूरत है।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए माली मदद**

- $97 मिलियन स्कूलों, नए फॉउन्ड्री सेंटरों के लिए, जो युवा लोगों को उन के भाईचारो में स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रदान करते हैं, मानसिक स्वास्थ्य के लिए और अधिक माली मदद के द्वारा युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता साधनों का एक नेटवर्क एवं 15 और स्कूल डिस्ट्रिक्टों के लिए बच्चों और युवाओं के लिए संयुक्त सहायता टीमें बनाने के लिए।
- $61 मिलियन की नई माली मदद तीन वर्षों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच और उन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, जिस में भोजन संबंधित विकार की देखभाल का दायरा बढ़ाना और आत्म हत्या रोकथाम सेवाओं तक बेहतर पहुँच और साईकोसिस के लिए प्राथमिक चिकित्सा विधि शामिल है।
- $14 मिलियन फ़स्ट नेशनज़ स्वास्थ्य अधिकरण के लिए ताकि मूलवासी लोगों को नशाखोरी सेवाएं मुहैया करवाई जा सकें।

**मादक पदार्थों का प्रयोग और ओवरडोज़ आपात कार्यवाही**

- $330 मिलियन माली योजना के दौरान, ताकि मादक पदार्थों के प्रयोग के इलाज और आरोग्य प्राप्ति सेवाओं का एक सम्पूर्ण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जा सके, जिस में ओपिऑइड चिकित्सा के लिए $152 मिलियन शामिल हैं।
- और अधिक लोगों को आरोग्य प्राप्ति के रास्ते पर चलाने में सहायता करने के लिए पूरे प्रांत के भाईचारों में मादक पदार्थों के प्रयोग और आरोग्य प्राप्ति के लिए 195 नए बेड।

**नए स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में निवेश**

माली योजना की अवधी के दौरान $7.8 बिलियन के पूँजीगत निवेशों के द्वारा बजट 2021 बेहद ज़रूरी स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करने पर निरंतर केंद्रित रहेगा। इन निवेशों के द्वारा नए बड़े निर्माण प्रॉजेक्टों के लिए और स्वास्थ्य सहूलियतों, डाक्टरी और डायगनॉस्टिक उपकरण और प्रौद्योगिकी सिस्टमों का स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा प्रॉजेक्टों में नया सरी हस्पताल और कैंसर सेंटर और नया सेंट पॉलज़ हस्पताल और कोवीचैन डिस्ट्रिक्ट, डासन क्रीक और डिस्ट्रिक्ट, टैरेस और स्टुआरट लेक में भी नए हस्पताल शामिल हैं। बरनबी हस्पताल, कैमलूपस के रॉयल इनलैंड हस्पताल, पैनटिंकटन रीजनल हस्पताल और कैरिबू मेमोरियल हस्पताल में मरीज़ों के लिए नए स्थान भी निवेशों में शामिल हैं।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710

---

बी सी की प्रांतीय सरकार से news.gov.bc.ca/connect पर संपर्क करें